दिन– शनिवार दिनांक– 25/01/2025

प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। इसका प्रसारण शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर किया जायेगा। दूरदर्शन पर इसका प्रसारण पहले हिन्दी में और बाद में अंग्रेजी भाषा में होगा। इसके बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जायेगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति के संबोधन का प्रसारण किया जायेगा।

——————————————————————

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के चलते आकाशवाणी पटना से शाम सात बजकर तीस मिनट पर प्रसारित होने वाले सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार बुलेटिन के समय में परिवर्तन किया गया है। यह बुलेटिन आज अपने निर्धारित समय से एक घंटा पहले शाम छह बजकर तीस मिनट से प्रसारित किया जायेगा।

——————————————————————

राष्ट्र कल अपना छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित विजय चौक पर झंडोत्तोलन करेंगी। समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में देशभर से लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें एक सौ अड़सठ विशेष अतिथि बिहार के हैं। कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में आठ वर्षों बाद बिहार की झांकी प्रदर्शित की जाएगी। राज्य की झांकी में ज्ञान और शांति की परंपरा को प्रदर्शित किया गया है। पुर्नस्थापित नालंदा विश्वविद्यालय के माध्यम से बिहार में प्राचीन विरासत के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों और राजगीर स्थित

घोड़ा–कटोरा जलाशय में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा को झांकी में जगह दी गयी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां झंडोत्तोलन करेंगे। इस दौरान परेड में सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, एसटीएफ, महिला बटालियन, बिहार पुलिस, एनसीसी और भारत स्काउट्स एंड गाइड समेत बीस टुकड़ियां शामिल होंगी। वहीं, पंद्रह विभागों और संस्थानों की झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है।

———————————————————————

प्रयागराज के महाकुंभ में आयुष मंत्रालय श्रद्धालुओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अब तक एक लाख इक्कीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आयुष सेवाओं का लाभ उठाया है।

———————————————————————

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस वर्ष मतदाता दिवस का विषय है– **वोट जैसा कुछ भी नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।** भारत में निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वर्ष दो हजार ग्यारह से प्रत्येक वर्ष पच्चीस जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मतदाताओं, विशेषकर नये मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करना और चुनाव प्रक्रिया में उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वर्ष दो हजार चौबीस का सर्वोत्तम चुनावी पद्धति पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस बार बेहतर चुनाव प्रबंधन के साथ लोकसभा चुनाव, दो हजार चौबीस को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और आईटी पहल के लिए पूर्वी चंपारण जिले का चयन किया गया है। राष्ट्रपति जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सौरभ जोरवाल को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित करेंगी। इसके अलावा सरकारी विभागों और मीडिया संगठनों को चुनावी जागरूकता में बहुमूल्य योगदान के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

इधर, मतदाता दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष दो हजार चौबीस का राज्य स्तरीय सर्वोत्तम चुनावी प्रबंधन पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने वैशाली के जिलाधिकारी यशपाल मीणा और बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार को बेहतर ढंग से चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सम्मानित किया। रोहतास के तत्कालीन जिलाधिकारी नवीन कुमार को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने कई मतदाता निबंधन अधिकारी, सहायक मतदाता निबंधन अधिकारी और बूथ लेबल अधिकारी को भी सम्मानित किया।

---

समाप्त